टोकम में रबर वायदा 2.7% गिरा

बैंकाक ◆ टोकयो कमोडिटी एक्सचेंज (टोकम) में सोमवार को रबर वायदा में 2.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। टोकम में रबर जून की डिलीवरी 8.5 येन गिरकर 306 येन (3.97 डॉलर) प्रति किलो पर बंद हुआ। वितरकों का कहना है कि यूरोपीय क्षेत्र में कर्ज का संकट जारी रहने का दबाव रबर की कीमत पर पड़ा। थाईलैंड सरकार ने रबर के हाजिर बाजार को समर्थन पहुंचाने की योजना बनाई। हालांकि रबर की कीमतों में नरमी के बावजूद इसकी कीमत हाल के तीन महीने की सर्वाधिक कीमत से कोई बहुत कम नहीं है। बीते शुक्रवार को रबर की कीमत तीन महीने की सर्वाधिक ऊंचाई 315.8 येन प्रति किलो पर पहुंच गया था। दुनिया में रबर का सबसे बड़ा उत्पादक देश थाईलैंड है।